**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## किशोरावस्था की चुनौतियों विषय पर कार्यशाला आयोजित

पंतनगर। 25 जनवरी 2023। विश्वविद्यालय के आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 'किशोरावस्था की चुनौतियों' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज की प्रधानाचार्य एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा किया गया। संदर्भ दाता डी.एस. सैनी काउंसलर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर.के.एस.के) जिला चिकित्सालय रुद्रपुर, मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर संजय रावत जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय तथा प्राध्यापिका गृह विज्ञान, डा. छाया शुक्ला और ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की पूनम शर्मा द्वारा किशोरावस्था में जीवन की विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ने, किशोरावस्था की समस्याओं से निपटने, पीयर प्रेशर को सकारात्मक सोच द्वारा निपटाने, मानसिक परिवर्तन, संतुलित और पौष्टिक आहार ग्रहण करने मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने, उचित निर्णय क्षमता लेने आदि के विषय में विस्तारपूर्वक सेशन लेते हुए लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने प्रतिभाग किया प्रधानाचार्य और आमंत्रित अतिथियों द्वारा छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।



*कार्यक्रम में आदर्श राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं के साथ अतिथिगण एवं अन्य।*

**निदेशक संचार**